प्रेस विज्ञप्ति

राजस्व विभाग,उ0प्र0

लेखपाल भर्ती परीक्षा- 2015

जनपद का नाम - उन्नाव **परीक्षा का नाम - लेखपाल राजस्व**

विज्ञापन संख्या -4033 /सात-भूलेख- **दिनांक 02 जुलाई-- 2015**

आवेदन पत्र स्वीकार (SUBMIT) किये जाने की अंतिम तिथि - 22-7-2015

परीक्षा शुल्क बैंक मे जमा करने की अंतिम तिथि - 21 -7-2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन - लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 -8-2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन - लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण -

क्रम	पद नाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40वर्ष	रू 5200-20200(ग्रेड पे- 2000)	173	86	37	03	47	माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा मे उत्तीर्ण	1- प्रदेशिक सेना मे न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2- राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

1 लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0लेखपाल सेवा नियमावली 2006यथासंशोधित 2014एवं समय समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2 दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है ,साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। आयु सीमा के सम्बन्ध मे उत्तर प्रदेश सेवाओ मे भर्ती (आयु सीमा) नियमावली-- 1972 यथा संशोधित 2012 एवं वर्तमान मे प्रभावी नियमो मे उल्लिखित ब्यवस्थानुसार छूट प्रदान की जायेगी। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है । अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित,उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3 आन-लाइन फार्म दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेगें। अनारक्षित (सामान्य)और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/- (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/- (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई-चालान के माध्यम से जिलाधिकारी उन्नाव के पक्ष मे देय होगा,जिसका उल्लेख आन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4 प्रदेश के सभी जनपदों मे परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नही होगा तथा इस सम्बंध मेकोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नही होगा।

5 परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा। परीक्षा सम्बंधी जानकारी के सम्बंध मे तिथि,समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई-प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा,जो कि परिषद कि वेवसाइट http://bor.up.nic.inऔर जिले की वेवसाइट http://unnao.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6 आनलाइन आवेदन का प्रारूप ,आफ लाइन परीक्षा सम्बंधी निर्देश ,अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बंधी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.inऔर जिले की वेवसाइट http://unnao.nic.in पर उपलब्ध होगा।

7 लेखपाल भर्ती परीक्षा 2015 के सम्बन्ध मे पूर्व मे दिनांक 17.06.2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियो के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार **(SUBMIT)** किये जा चुके है उन अभ्यर्थियो द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क/फार्म नही भरे जायेगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिए भी मान्य होगा।

(सौम्या अग्रवाल)
अध्यक्ष चयनसमिति /
जिलाधिकारी उन्नाव

संख्या समदिनांकित ।

प्रतिलिपि-

1 जिला सूचना अधिकारी ,उन्नाव को दो प्रतियों मे इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति को अमर उजाला व हिन्दुस्तान दैनिक समाचार–पत्र मे शासकीय दरों पर तत्काल प्रकाशित करायें तथा प्रकाशित विज्ञप्ति की दो-दो प्रतियां अभिलेख हेतु उपलब्ध करायें।

2 जिला सेवायोजन अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

3 जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ,उन्नाव को इस निर्देश के साथ कि जनपद की वेवसाइट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।

अध्यक्ष चयनसमिति /
जिलाधिकारी उन्नाव

32 L-P-L